तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



कलेक्टोरेट के सामने नो एंट्री पर खड़ी हो रही गाड़ियां

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम मंदिर में दुर्लभ सत्संग 26 से

**बिलासपुर।** दुर्लभ सत्संग आयोजन समिति के तत्वावधान में 26 जनवरी से 1 फरवरी तक गोल बाजार के खाटू श्याम मंदिर में दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। समिति के राजू शर्मा ने बताया कि सत्संग प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उन्होंने भक्तों से अनुरोध किया है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेने के अलावा किसी भी प्रकार उपहार या भेंट, रुपए पैस आरती में न चढ़ाए। इसमें प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश अपनी मधुर वाणी से भक्तों को प्रभु श्री राम के अमृत रस का पान कराएंगे।

### मौसम में बदलाव ठंड का असर कम

**बिलासपुर।** मौसम में अचानक बदलाव होने लगा है, गर्मी की आहत हो रही है, धूप की तपिश भी तीखी लगने लगी है। यही कारण है कि ठंड का असर कम हो चुका है। सुबह हो या शाम ठंड का असर कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। तापमान में धीरे-धीरे ही सही लेकिन बढ़त देखी जा रही है, अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान भी बढ़ चुका है। यह गर्मी की दस्तक का संकेत है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया, वहीं अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंड में कमी आई है, वहीं अधिकारियों का कहना है कि जनवरी के अंतिम दिनों तक ठंड का हल्का असर रहेगा हालांकि दुर्ग और रायपुर संभागों में शीतलहर पड़ रही है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 22 को

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी द्वारा 22 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैम्प में 3 निजी नियोजक कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें फिल्ड ऑफिसर, एग्रीकल्चर ऑफिसर, ऑपरेशन असिस्टेंट, सेल्स मैनेजर, टेलीकॉलर, हाउसकीपिंग, रिसेपशनिस्ट, टेक्निशियन सहित कुल 187 पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। कैम्प में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

### सकरी में चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सकरी पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस को सूचन मिली, एक युवक बाइक क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 2972 में संदिग्ध वस्तु रखकर जा रहा है। पुलिस ने परसदा मेला ग्राउंड में घेराबंदी कर चोरभट्ठी कला निवासी अनिल सूर्यवंशी पिता फागूराम सूर्यवंशी 26 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अशांति फैलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोनी पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर मारपीट, विवाद कर अशांति फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। 19 जनवरी को सूचना मिली दो युवक छोटी कोनी में विवाद कर अशांति फैला रहे है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर विवाद करते हुए देवनगर निवासी साहिल खान पिता साहिद खान 19 साल, विकास बघेल पिता कार्तिक बघेल 29 साल को बीएनएस की धारा 170, 126, 135, 3 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# स्कूल जाने से बचने नए-नए बहाने, अब परिसर के 50 मीटर के दायरे में पहुंचेंगे तभी होगा लाग इन, अवकाश और कक्षा संचालन को करेंगे डिजिटली ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्या समीक्षा केंद्र ऐप में शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। जिले की ही बात करें तो लाख कोशिशों के बाद भी 42 प्रतिशत शिक्षकों का पंजीयन हो सका है। शिक्षक तकनीकि समस्या से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं होने की बात कह रहे हैं तो शिक्षा विभाग ने सख्ती बरत दी है।

विभाग का कहना है कि ऐप में शिक्षक पंजीयन तय समय-सीमा में पूरा नहीं होने पर खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा। विभाग का कहना है कि पारदर्शिता और निगरानी के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है, जबकि शिक्षक इसे अव्यवहारिक और मानसिक दबाव बढ़ाने वाली बता रहे हैं। इस एप में खास बात है कि स्कूल का लोकेशन पहले से एप में दर्ज होगा। जब शिक्षक स्कूल परिसर के 50 मीटर के दायरे में पहुंचेगा तभी वह लॉग इन कर सकेगा।

दरअसल सरकारी स्कूलों में बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों की भी शतप्रतिशत उपस्थिति होना एक चुनौती है। शिक्षक भी रोज स्कूल जाने से बचने के लिए नए-नए बहाने बनाते हैं। 10 बजे के स्कूलों में 12 बजे तक शिक्षक पहुंचते हैं और समय से पहले स्कूल से चले भी जाते हैं। इस तरह की लगातार शिकायतों के साथ ही अधिकारियों के निरीक्षण में भी यह बातें सामने आती रहतीं है। इसी पर रोक लगाने के लिए सरकार ने विद्या समीक्षा केंद्र का एप लागू किया है जिसमें टीचर्स का पंजीयन हो रहा है।

विभाग के मुताबिक शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र हाजिरी, अवकाश और कक्षा संचालन को डिजिटली ट्रैक किया जा सकेगा।

अलग खबर





- लाख कोशिशों के बाद भी 42 प्रतिशत शिक्षकों का ही अभी तक पंजीयन हो सका
- पंजीयन तय समय-सीमा में पूरा नहीं होने पर शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा

### रजिस्ट्रेशन में आ रही दिक्कत

इधर शिक्षकों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन में कई दिक्कतें आ रहीं हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या नेटवर्क की है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो एप में लाग इन तक नहीं हो पा रहा है। ऐप के प्रति जागरूकता की कमी और शिक्षकों की अनिच्छा भी है। इसलिए ही बिलासपुर जिले में 42 प्रतिशत शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन अभी तक हो सका है। ध्यान रहे कि जिले में कुल 8687 शिक्षक हैं। इसमें से अभी तक 4157 शिक्षक हीं एप पर पंजीकृत हो सके हैं। विभाग का कहना है कि यदि शिक्षक रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे हैं, तो अपने स्कूल के प्रिंसिपल/प्रशासक से संपर्क कर सकते हैं।

### 50 मीटर के दायरे में तभी होगा लाग इन

विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शिक्षक अपनी अटेंडेंस मोबाइल के जरिए दर्ज ही करेंगे, जिसकी पुष्टि जीपीएस लोकेशन से की जाएगी। स्कूल का लोकेशन पहले से एप में दर्ज होगा। जब शिक्षक स्कूल परिसर के 50 मीटर के दायरे में पहुंचेगा तभी वह लॉग इन कर सकेगा। वहीं से फोटोग्राफ भी अपलोड किया जा सकेगा। दूसरे मोबाइल से यह नहीं किया जा सकेगा क्योंकि ओटीपी भी आएगा। प्रतिदिन छात्र उपस्थिति दर्ज करने, छुट्टी या ऑन-ड्यूटी का अनुरोध भेजने का कार्य भी इसी माध्यम से कर सकेंगे। सबसे अहम बात यह है कि इस एप में रोल बेस्ड लॉगिन की सुविधा है। मतलब उपयोगकर्ता को केवल उसकी भूमिका के अनुरूप ही विकल्प दिखाई देंगे। स्कूल के प्राचार्य या प्रधान पाठक पूरे स्टाफ की उपस्थिति, अवकाश की स्थिति और कक्षा संचालन की निगरानी अपने मोबाइल से कर सकेंगे। एप से रिपोर्ट डाउनलोड कर सकेंगे और नोटिस भी जारी कर सकेंगे।

### पीएम मोदी ने की थी बिलासपुर से शुरुआत

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 मार्च 2025 को बिलासपुर से विद्या समीक्षा केंद्र की शुरुआत की थी। इसके बाद इस एप का पायलट परीक्षण 20 हजार शिक्षकों पर किया गया, जो सफल रहा। शिक्षा विभाग का कहना है कि सरकार की मंशा शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और उसकी ऑनलाइन मानिटरिंग करने की है। आने वाले समय में प्रदेश के सभी 56,080 स्कूलों में पढ़ने वाले 56 लाख से अधिक बच्चों और लगभग 1.80 लाख शिक्षकों की उपस्थिति इस डिजिटल प्रणाली से दर्ज की जाएगी। इसके लिए रायपुर स्थित समग्र शिक्षा केंद्र में विशेष विद्या समीक्षा केंद्र भी स्थापित किया गया है।

### प्रिंसिपल से संपर्क कर सकते हैं

जिले में कुल 8687 शिक्षक हैं। इसमें से 4157 शिक्षक एप पर पंजीकृत हो गए हैं। यदि शिक्षक रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे हैं, तो अपने स्कूल के प्रिंसिपल/प्रशासक से संपर्क कर सकते हैं।

- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

## स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट में शामिल हुए थे तीनों डिवीजन के अधिकारी

# फूड पाइजनिंग के शिकार हो गए रेलवे अफसर और परिजन, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट में शामिल होने के बाद देर रात तक कार्यक्रम आयोजित हुए, फिर तीनों डिवीजन के अधिकारियों और उनके परिजन ने भोजन भी किया, जिसमें से 100 से अधिक रेल अफसर और उनके परिजन फूड पाइजनिंग का शिकार हो गए। आनन-फानन में सभी को उपचार के लिए रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम अफसरों का इलाज कर रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट कार्यक्रम का आयोजन पिछले तीन दिन से बिलासपुर डिवीजन में किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर के अलावा रायपुर और नागपुर डिवीजन के अलावा मोतीबाग एवं जोन के सभी विभागों के अफसरों के साथ उनके परिजन भी शामिल हुए थे। यह आयोजन सेकेरसा ग्राउंड के अलावा रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, न्यू रेल क्लब आडिटोरियम सहित अन्य स्थानों पर हो रहा था। रविवार की शाम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट कार्यक्रम का अंतिम दिन था। इस कार्यक्रम के समापन के उपरांत रात में न्यू रेल क्लब आडिटोरियम के अलावा अन्य स्थानों पर भोजन का भी प्रबंध किया गया था। भोजन करने के करीब 100 से अधिक रेल अफसर और उनके परिजन को अचानक उल्टी व दस्त होनी शुरु हो गई। अचानक रेल अफसरों व उनके परिजन की तबीयत बिगड़ने के बाद आनन-फानन में सभी को केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के इमरजेंसी, आईसीयू और वीआईपी वार्ड में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने कुछ का उपचार और दवाई देने के बाद छुट्टी दे दी, लेकिन दूसरे दिन सोमवार को भी एक दर्जन से अधिक अधिकारी व उनके परिजन हास्पिटल में अपना उपचार करा रहे हैं। वहीं आधे से अधिक अधिकारियों व उनके परिजन की घर में भी उपचार कराने की सूचना मिली है। इसके अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एसडीजीएम मनोज गुरुमुखी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनके परिजन भी अस्वस्थ बताए जा रहे हैं।

### 100 से अधिक बीमार

रेलवे में चलने वालेटस और कल्चरल मीट का आयोजन एसईसीआर बिलासपुर जोन की देखरेख में किया जा रहा था, जिसमें एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के 500 से अधिक अधिकारी और उनके परिजन एवं बच्चे भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले ए ग्रेड अफसरों व उनके परिजन के लिए होटल मेरियट और कॉफी हाउस को नाश्ते व भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई थी। तीन दिन तक तो कार्यक्रम और भोजन, नाश्ता ठीक चला, लेकिन कार्यक्रम के अंतिम दिन समापन के उपरांत रात का भोजन करने के उपरांत 100 से अधिक अधिकारी व उनके परिजन उल्टी दस्त करना शुरु कर दिए। इसमें बिलासपुर डिवीजन के एडीआरएम व रायपुर, नागपुर के ए ग्रेड अफसर भी शामिल हैं। फुड पाइजनिंग का शिकार होने के बाद सबकी तबीयत बिगड़ने लगी। इनमें से कई निजी अस्पताल में और कई रेलवे अस्पताल में उपचार कराने के लिए पहुंचे, जहां कुछ अफसरों के स्वास्थ्य में अब तक कोई सुधार नहीं हो सका है।



जानकारी लेते कर्मचारी।





यहां हुई थी पार्टी जहां रेलवे अफसर ने किया था भोजन

### किसकी कैटरिंग पता नहीं

जानकारी के अनुसार सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का भोजन करने के लिए तीन अलग-अलग कैटरर्स को काम दिया गया था। तीनों कैटर्स अलग-अलग कंपनी के थे। इनमें से अधिकारियों और उनके परिजन की तबीयत किसके भोजन व नाश्ते से बिगड़ी, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है।

### कोई जानकारी नहीं

स्पोर्ट्स मीट और कल्चरल मीट का कार्यक्रम कहां हुआ और किसका भोजन करने के बाद अधिकारी फूड पाइजनिंग के शिकार हुए। इस संबंध में अभी कोई भी जानकारी नहीं है।

- सुस्कर विपुल विलास राव
सीपीआरओ, एसईसीआर

# जेसीबी बेचने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी





**बिलासपुर।** जेसीबी बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले में अपराध कायम का जांच में जुट गई है ।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार शहडोल जैतपुर कलहथा निवासी मोहम्मद शाहनवाज खान ने रिपोर्ट लिखाई कि तालापारा निवासी बाबा खान ने उन्हें फोन कर फाइनेंस कंपनी द्वारा खींची गई जेसीबी बेचने की बात कही। उनके बीच जेसीबी खरीदने का सौदा तय हो गया। उन्होंने बाबा खान व भरत गुप्ता को जेसीबी खरीदने के एवज में 16 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से दिया। उसके बाद बैंक के सभी दस्तावेज तैयार करने के लिए में आरटीजीएस के माध्यम से 4 लाख और दिए उसके बाद वे दोनों जेसीबी उनके नाम पर नहीं कर रहे थे। उन्होंने जेसीबी संचालक राज देवांगन से संपर्क किया तो उन्होंने बताया उन्होंने बैंक की राशि जमा नहीं होने पर जेसीबी दूसरे को बेच दिया है। उसके बाद श्री खान दोनों से संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल लगातार बंद आ रहा है । उन्होंने घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई । पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# ओडिशा से गांजा लाकर बेचने जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ओडिशा से गांजा लाकर दो बाइक में उसे बेचने जा रहे दो तस्करों को एसीसीयू टीम ने पकड़ लिया। उनके पास दो बोरी में 14 किलो 336 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

एसीसीयू प्रभारी हेमंत आदित्य को मुखबिर से सूचना मिली कि गिधौरी के दो युवक ओडिशा से गांजा लाने के बाद डंप कर अलग अलग दो बाइक से बिक्री करने के लिए नेवसा रोड से जाली की ओर जा रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम ने ग्राम जाली में घेराबंदी की। इसी दौरान दो युवक अलग अलग बाइक से बोरी रखकर जाते हुए दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रूकने का इशारा किया तो पकड़े जाने के भय से दोनों बाइक की रफ्तार तेज कर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों बाइक सवार गिधौरी निवासी कुशल निर्मलकर पिता रमेश निर्मलकर 23 साल, जय किशन उर्फ दीपक सारथी पिता राजकुमार सारथी 22 साल को पकड़ लिया। दोनों बोरी को खोलकर तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट गांजा मिला। दोनों युवकों के कब्जे से 14 किलो 336 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गांजा की कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है। टीम ने गांजा, बाइक सहित दोनों युवकों को कार्रवाई के लिए रतनपुर पुलिस को सौंप दिया। रतनपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा व बाइक जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 14 किलो गांजा जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व गांजा।

## खुद पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया था

# सीयू के छात्र ने बनारस हास्पिटल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र आयुष यादव ने ईलाज के दौरान रविवार रात को बनारस हास्पिटल में दम तोड़ दिया। आयुष सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर में पढ़ाई कर रहा था। उसने गुरुवार को अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी और पिछले तीन-चार दिनों से वह जिंदगी एवं मौत के बीच संघर्ष कर रहा था।



आयुष यादव

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र आयुष यादव की मौत की सूचना सोमवार को यूनिवर्सिटी में छात्रों एवं लॉ डिपार्टमेंट के शिक्षकों को हुई, उसके बाद से यूनिवर्सिटी के छात्रों में शोक छा गया। आयुष यूनिवर्सिटी में बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर में पढ़ रहा था इसलिए छात्रों ने आज डिपार्टमेंट में दिवंगत छात्र की आत्मा के शांति के श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्र आयुष उत्तर प्रदेश निवासी था और वह यहां कोनी रिवर व्यू स्थित प्राइवेट हास्टल में रहकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा था।

पिछले सप्ताह गुरुवार को छात्र छात्र ने कोनी स्थिति निजी हास्टल में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया था। आसपास के लोगों, छात्रों ने आग बुझाने का प्रयास किया, तब तक छात्र का शरीर आग से बुरी तरह झुलस चुका था, उसके बाद कोनी पुलिस थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर स्थिति में छात्र को सिम्स पहुंचाया, जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उसे अपोलो रिफर कर दिया था। छात्र के परिजन दूसरे उसे अपोलो से रिलीव कराकर अपने साथ बनारस ले गए थे जहां बनारस हास्पिटल में उसका ईलाज चल रहा था और ईलाज के दौरान रविवार रात में उसकी मृत्यु हो गई।

- बीएएलएलबी की कर रहा था पढ़ाई



यूनिवर्सिटी में फैली सनसनी, सिम्स से अपोलो किया गया रिफर

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र ने किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### पुलिस ने छात्र का मोबाइल किया सीज

खबर है कि घटना के पहले छात्र आयुष यादव ने घटना से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट किया था और डीपी में सॉरी दिस पर्सन इज डेड लिखी तस्वीर पोस्ट करने के बाद खुद को आग लगा ली थी। घटना के बाद छात्र के मोबाइल फोन को पुलिस ने सीज कर लिया था। पुलिस ने छात्र का बयान लेना चाहा था, किन्तु अपोलो के डाक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बयान लेने से मना किया था। दूसरे दिन परिजन आकर छात्र को बनारस ले गए इसलिए छात्र का पुलिस बयान नहीं ले पाई थी।

### जानकारी मिली है

यूनिवर्सिटी में लॉ डिपार्टमेंट में पढ़ने वाला छात्र आयुष पिछले दिनों अपने आपको आग लगा ली थी। घटना के बाद छात्र को उसके परिजन अपने बनारस ले गए थे जहां पर उसका इलाज चल रहा था। आज यूनिवर्सिटी को खबर मिली है कि कल रात में छात्र की मृत्यु हो चुकी है।

- प्रो. मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी, सीयू

# कोनी-मोपका फोरलेन बायपास से जनता को मिलेगी बड़ी राहत : डिप्टी सीएम



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले के कोनी-मोपका बायपास निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 80 करोड़ रुपए की मिली शासकीय स्वीकृति। उप मुख्यमंत्री सह लोकनिर्माण मंत्री अरुण साव के प्रयासों से कोनी - मोपका बायपास को फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिली है।

13.40 किमी लंबे इस फोरलेन निर्माण से आवागमन सुचारू होगा। बिलासपुर से जुड़े क्षेत्रों को व्यापार में भी सुविधा होगी, उद्योग को बढ़ावा मिलेगा साथ ही बिलासपुर की सड़कों पर ट्रैफिक का बोझ कुछ कम होगा। वर्ष 2025-2026 बजट में शामिल कोनी- मोपका बायपास की लंबाई 13.40 किमी होगी।

## खबर संक्षेप

### वसुंधरा संस्था ने जरूरतमंदों को किया कंबल का वितरण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने अपनी सेवा गतिविधि के अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड पर बैठे हुए निर्धन जरूरतमंद लोगों के बीच में कंबल का वितरण किया। यह गतिविधियां मंजू मिश्रा के सहयोग से संपन्न की गई। इसमें अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, सुधा परिहार, मंजू, संजना मिश्रा, गायत्री कश्यप, सावित्री जायसवाल, सीता तिवारी ने सहयोग किया।

### डा. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने दी नम्रता को पीएचडी

**बिलासपुर।** डा. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छग ने राजनीति विज्ञान में नगर की नम्रता परिच्छा को पीएचडी की



उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह उपाधि उनकी थीसिस वूमेन लीडरशिव एण्ड इम्पावरमेंट ए सोशल एण्ड पालिटिकल, एनालिसिस बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ में महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण एक सामाजिक और राजनीतिक विश्लेषण के लिए दिया गया है। उन्होंने यह शोध कार्य कल्याण पीजी कालेज सेक्टर 7 भिलाई नगर जिला दुर्ग के डा. मणिमेखला शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया है। वे फिलिप परिच्छा की सुपुत्री हैं।

### एक शाम उत्कल विलास साहित्य संसद के नाम




**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी, छत्तीसगढ़ी एवं उडीया त्रिभाषिय उत्थान के उद्देश्य से किया गया, जिसमें हिन्दी, उड़ीया भाषा के सममिश्रित पत्रिका उत्कल विलास का विमोचन एवं दिव्य कवि सम्मेलन का आयोजन डॉ. वामन चन्द्र दीक्षित के संयोजन में संपन्न हुआ। प्रभात कुमार आचार्य के पुस्तक सुबह का अर्घ्य एवं प्रदीप किशोर पंडा की कृति काला गोसाई का भी विमोचन किया गया। आयोजन के अध्यक्ष रहे करूणाकर बहेरा एवं मुख्य अतिथि साकेत रंजन तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. बृजेश सिंह थे। सर्वप्रथम मंगलाचर डॉ. वामन चन्द्र दीक्षित एवं सरस्वती वंदना राम निहोरा राजपूत द्वारा करते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। सुंदर नृत्य की प्रस्तुति सुश्री सोनाक्षी बहेरा, स्वेता शालिनी नायक, श्रृष्टि गर्ग, एवं स्वेता भारत द्वारा दी गई। जिसमें सुश्री स्वेता शालिनी नायक द्वारा संबलपुरी नृत्य डालखाई काफी प्रशंसनिय रही। मुख्य वक्ता डॉ. संजय अनंत ने त्रिभाषिय उत्थान के कार्यों की प्रशांसा की। गणेश प्रसाद शर्मा को उत्कल विलास साहित्य रत्न एवं वाणीश्री प्रभात कुमार आचार्य को उत्कल विलास साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। कवि सम्मेलन में अशोक शर्मा ने अपनी बुलंद स्वर से दर्शको को काफी प्रभावित किया। इस अवसर पर सुनील कुमार वर्मा, मनोहर मानिकपुरी, आशीष श्रीवास, शत्रुधन जैसवानी, मनोहर लाल मानिकपुरी, शोभा त्रिपाठी, राजेश सोनार, शीतल पाटनवार, आशा चन्द्राकर, द्रोपति साहू, संतोष श्रीवास आदि मौजूद थे।

### जिला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह कल

**बिलासपुर।** संगठन सृजन अभियान तहत जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष बदले गए हैं। बिलासपुर में शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा को और जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री को बनाया गया है। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद इनका पदभार ग्रहण समारोह बुधवार को होने जा रहा है। नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा और जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री का पदभार ग्रहण समरोह 21 जनवरी बुधवार को सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन में होगा। इस पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन के सभी पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, प्रत्याशीगण, ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, पार्षद, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सहित कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक ने दी 89 कर्मचारियों को पदोन्नति

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा संभाग स्तरीय पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। करीब 89 कर्मचारियों को पदोन्नति के साथ ही नवीन पदस्थापना पर भेज दिया गया है। सालों से जमे लेखापाल, जूनियर आडिटर, सहायक ग्रेड 3 व 2, संगणक, कैशियर, स्टूवर्ड जैसे कर्मचारी शामिल है। बताया रहा है कि डॉ अनिल गुप्ता के संयुक्त संचालक बनने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि कर्मचारियों की पदस्थापना की जाएगी, लेकिन यह बात गौर करने वाली है कि अटैचमेंट में चल रहे कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना में रियायत दी गई है, यानी पदोन्नति होने के बाद भी उन्हें जिले से बाहर नहीं भेजा गया है। जिससे कर्मचारियों में असंतुष्टि भी भाव पनपने लगा है।

### सिम्स में पहुंचे 21 से अधिक मरीज इंजेक्शन के लिए लगी लाइन



**बिलासपुर।** सिम्स में हफ्ते के पहले दिन जबरदस्त भीड़ रही, इस दौरान ओपीडी में करीब 21 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचें। जिससे अव्यवस्था का आलम पनपने लगा था, हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद स्थिति सामान्य होने लगी। इस दौरान डॉग बाइट के शिकार मरीजों को भी इंजेक्शन लगाने के लिए लाइन में खड़ा रहना पड़ा, इस दौरान महज 2 घंटे भीतर 36 लोगों को इंजेक्शन लगाया गया। इस दौरान सर्वाधिक ओपीडी मेडिसीन विभाग में रही जहां 435 मरीजों ने जांच कराई। वहीं ईएनटी, आर्थोपेडिक और गायनिक के मरीजों की भी अच्छी खासी भीड़ रही।

**एयू में कई साल पहले जमा कराए गए थे आवेदन** | **सेटअप के 53 में से केवल 3 पदों को भरे जा सके**

# तीसरे कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने को, अब तक नहीं हुई सेटअप के 50 पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में करीब दो कार्यकाल प्रो. जीडी शर्मा कुलपति पद पर रहे और अब तीसरे कुलपति के रूप में आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का कार्यकाल अगले माह समाप्त होने जा रहा है।

इस तरह से कुलपतियों का तीन कार्यकाल समाप्त हो रहा है और अभी तक यूनिवर्सिटी के नियमित 53 पदों के सेटअप में से 50 पदों पर भर्ती नहीं हो पाई है, जबकि कई सालों पहले इन पदों के लिए आवेदन जमा कराया जा चुका है। अटल बिहारी



वाजपेयी यूनिवर्सिटी के स्थापना के बाद कुछ सालों बाद राज्य शासन ने यूनिवर्सिटी के लिए 53 गैर शैक्षणिक पदों का सेटअप स्वीकृत किया था। ये गैर शैक्षणिक नियमित पद हैं जो तत्कालिन कुलपति प्रो. जीडी शर्मा के कार्यकाल में स्वीकृत हुए थे। प्रो. शर्मा कुलपति के रूप में अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद करीब साढ़े तीन साल दूसरे कार्यकाल में कुलपति बनें रहे। उसके बाद निर्धारित 70 वर्ष की आयु होने के कारण उन्हें रिटायर होना पड़ा। उनके बाद आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी कुलपति बनकर आए और उनका 5 वर्ष का कार्यकाल भी अगले माह फरवरी में समाप्त होने जा रहा है। इस तरह अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति का यह तीसरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है और अभी तक यूनिवर्सिटी में नियमित रिक्त पदों पर भर्ती नहीं हो पाई है।

### 7 हजार 438 उम्मीदवारों ने किया था आवेदन

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा इन गैर शैक्षणिक पदों को भरने के लिए 10 मई 2016 को विज्ञापन निकाला गया था। उसके बाद 1 जून 2016 को इस विज्ञापन को निरस्त कर दिया गया। दोबारा यूनिवर्सिटी द्वारा 10 फरवरी 2017 को 53 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इन पदों के लिए कुल 7 हार 438 उम्मीदवारों ने आवेदन जमा किया था। लेकिन आवेदन प्रक्रिया के बाद भर्ती का मामला आगे नहीं बढ़ पाया और धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला गया।

### केवल तीन पदों पर नियुक्ति

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा 53 पदों में से केवल तीन पदों कुलपति के निज सहायक, स्टेनो टायपिस्ट व प्रोग्रामर के पदों पर भर्ती की गई है। बीच-बीच में यूनिवर्सिटी के यूटीडी में टीचिंग के रिक्त पदों को जरूर भरा गया, किन्तु नान टीचिंग पदों को भरने गंभीरता नहीं दिखाई गई।

### स्वीकृति के बाद शुरू होगी प्रक्रिया

यूनिवर्सिटी में गैर शैक्षणिक पदों के लिए पहले जो स्वीकृति मिली थी वह समाप्त हो चुकी है। इसलिए शासन से फिर से स्वीकृति लेना पड़ेगा और शासन से वित्तीय स्वीकृति के मिलने के बाद ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी।

**-डॉ. तार्णिश गौतम,** रजिस्ट्रार, एयू

**हरिभूमि की खबर के बाद नगर निगम की खुली नींद**

# पुरानी पाइप लाइनों को बदला जाएगा गर्मी से पूर्व पेयजल व्यवस्था होगी दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि की खबर के बाद नगर निगम की एक तरह से नींद खुली है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सभी जोन कमिश्नर और जल विभाग के अधिकारियों को ग्रीष्म ऋृतु के पूर्व पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त करने कहा है ताकि संभावित पेयजल की समस्या को दूर किया जा सके। इसके अलावा शहरवासियों को सप्लाई की जा रही पानी की लैब टेस्टिंग लगातार करने के निर्देश दिए गए है। साफ कहा गया है कि किसी भी सूरत में जल की गुणवत्ता में कमी नहीं आए। पाइपलाइन की लगातार मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए है लीकेज मिलने या अन्य समस्या आने पर उसे तत्काल ठीक कराने कहा गया है।

- **पानी की टेस्टिंग भी रहेगी जारी**

गौरतलब है कि बिलासपुर में वर्षों से नालियों और ड्रेनेज के बीच से गुजर रही जर्जर पाइपलाइनों के जरिए घरों तक गंदा पानी पहुंच रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि लोग पानी को छानकर और उबालकर पीने को मजबूर हैं, फिर भी डायरिया, उल्टी-दस्त और पेट की बीमारियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शहर में अब भी 267 स्थानों पर पेयजल पाइप लाइनें नालियों और नालों के बीच से होकर गुजर रही हैं। सर्वेक्षण में यह पाया गया था कि 59 वार्डों में पाइप लाइनें नालियों में डूबी हुई हैं, जिससे मलमूत्र युक्त गंदे पानी की सप्लाई और डायरिया फैलने की आशंका बनी रहती है। कुदुदण्ड में तो पिछले 15 दिनों से गंदा पानी ही घरों में आ रहा। 10 से अधिक लोग बीमार भी पड़ चुके हैं। यही हाल सिविल लाइन थाने के पीछे का है। गंदा पानी से बच्चे बीमार हो रहे हैं। तालापारा और तारबाहर क्षेत्रों में पहले भी दूषित पानी के कारण उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रहीं हैं। हरिभूमि ने मामले में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।


59 वार्डों में पाइप लाइन नालियों में डूबी, कुदुदण्ड, मगरपारा में 15 दिनों से गंदा पानी आ रहा, शहरवासी लगातार हो रहे बीमार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### सभी मोटर पंप का होगा भौतिक सत्यापन

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने विकास भवन के दृष्टी सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर इस बारे में हिदायत दी। बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा कि ग्रीष्म ऋृतु के पूर्व पेयजल संबधी सभी आवश्यक तैयारियां कर लें। जिन क्षेत्रों में बोर के जरिए जल आपूर्ति की जाती है, वहां सभी मोटर पंप का भौतिक सत्यापन कर लें और आवश्यकता अनुसार मरम्मत या रिप्लेस कराएं। पानी टैंकर की भी आवश्यकतानुसार मरम्मत कराएं। बैठक में निगम कमिश्नर ने टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें। इसके अलावा अधोसरचंना मद और 15 वें वित्त आयोग के तहत कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों की भी जानकारी ली,इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व कर लें।

### पुरानी पाइप लाइनों को बदला जाएगा

नगर निगम के मुताबिक शहरी क्षेत्र में लगभग चार किलोमीटर तक की पाइप लाइन नाली और नालों से होकर गुजर रही थी, जिन्हें बदलकर दुरुस्त कर लिया गया है। इसके अलावा अमृत मिशन के तहत शहर की 200 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन बदली जा चुकी है। अधिकांश पुरानी पाइप लाइनें, जो नालियों के ऊपर या भीतर से गुजर रही थीं और जिनसे संक्रमण की संभावना बनी रहती थी, अब बदल दी गई हैं।

# नए स्वरूप में सैलानियों को भाने लगा है शिवतराई का बैगा रिसॉर्ट




**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए शिवतराई बेरियर के पास बने रिसॉर्ट को सैलानियों के लिए रिनोवेट का काम किया गया है, जहां रंग बिरंगे पक्षियों की तस्वीरों के अलावा सेल्फी पाइंट व अन्य कार्य सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है।

एटीआर के कोर जोन में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या दिन-प्रतिदिन काफी बढ़नी शुरु हो गई है। यहां भ्रमण करने के लिए सैलानियों को जिप्सी की सुविधा दी जाती है, जिसके लिए ऑनलाइन बुकिंग करनी पड़ती है। भ्रमण करने वाले सैलानियों में शहर के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी लोग अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं। सैलानियों के रूकने और भोजन एवं नाश्ते के लिए एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बेरियर के पास ही एक बैगा रिसॉर्ट बनाया है, जिसकी देखभाल समिति के हाथों में दे दी गई है। प्रबंधन के अनुसार सैलानियों की संख्या बढ़ने के कारण एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बैगा रिसॉर्ट कैम्पस में सैलानियों को रोमांचक बनाने के लिए सेल्फी पाइंट तैयार कराया गया है। बैगा रिसार्ट परिसर में पार्किंग एरिया, पूछताछ केन्द्र, सफारी बुकिंग, सोविनियर शॉप, टाइगर केंटीन, स्वीमिंग पुल, डायरेक्शन बोर्ड एवं सभी कमरों में कमरा नम्बर एवं नाम का साईन बोर्ड लगाया गया है। सभी साईनेगजस बोर्ड सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बना है। वहीं सैलानियों को नए सेल्फी साईन बोर्ड के साथ सेल्फी लेना भी बहुत पसंद आ रहा है।

### इंटरकॉम फेसिलिटी

शिवतराई बैगा रिसार्ट के सभी कमरों, केंटीन एवं बुकिंग काउंटर में इंटरकॉम फेसिलिटी उपलब्ध कराई गई है, जहां सैलानी अपने कमरे में बैठकर जंगल सफारी बुकिंग संबंधी जानकारी लेने के साथ ही केंटीन से भोजन आर्डर भी कर पा रहे हैं। इंटरकॉम फेसिलिटी उपलब्ध होने से सैलानियों में काफी खुशी है।

### 5 योद्धा वाहन की खरीदी

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटन सीजन में सैलानियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने पर पर्यटक वाहनों की संख्या में कमी होती है। इस सुविधा को उपलब्ध कराने पांच योद्धा वाहन खरीदी किया गया है, जिसमें दो पर्यटक वाहन मॉडीफाई के उपरांत प्रबंधन के पास उपलब्ध है। इसे शीघ्र ही पर्यटक रूट में संचालन कराने की योजना है। एटीआर में बढ़ी हुई सुविधाओं के साथ लगातार सैलानियों की संख्या बढ़ रही है। आगामी दिनों के लिए एडवांस बुकिंग भी प्राप्त हो रही है।

# सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने मनाई पुण्यतिथि

**बिलासपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम



महाराणा प्रताप चौक पर 19 जनवरी को आयोजित किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, बुद्धिजीवी एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया । इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मुगल सम्राट अकबर जैसी विशाल सत्ता के सामने कभी भी आत्मसमर्पण नहीं किया और मातृभूमि की स्वतंत्रता तथा क्षत्रिय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। हल्दीघाटी का युद्ध उनके अद्वितीय रणकौशल, साहस और राष्ट्रभक्ति का अमर उदाहरण है। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, प्रियंक परिहार, चित्तू सिंह, विक्रम सिंह, प्रकाश सिंह, कल्याण सिंह, बसंत सिंह, अतुल सिंह, नीटू परिहार, रौशन सिंह, राजा ठाकुर आदि मौजूद थे।

### क्षत्रिय राजपूत समाज ने मनाई महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि



क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि 19 जनवरी महाराणा प्रताप भवन में मनाई गई। इस दौरान उनके शौर्य व बलिदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ.बृजेश सिंह ने राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप को भारतीय अस्मिता का प्रतीक बताते हुए उनके शौर्य तथा बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाराणा प्रताप पर केन्द्रित आहुति महाकाव्य के छंदों के माध्यम से काव्यान्जलि समर्पित की। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष एस के सिंह ने महाराणा प्रताप के त्याग बलिदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अर्जुन सिंह, प्रेम सिंह, सी एम सिंह, आर एल सिंह, रविन्द्र सिंह, बृजराज सिंह, हिमान्शु सिंह आदि मौजूद थे।

# एवीएम स्कूल के कैडेट्स का बढ़ाया उत्साह

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों का तीन दिवसीय शैक्षणिक एवं सैन्य भ्रमण कार्यक्रम अत्यंत अनुशासित,

**एजुकेशन प्लस**

उद्देश्यपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हो रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को भारतीय सशस्त्र बलों की कार्यप्रणाली, उनकी गौरवशाली परंपराओं तथा राष्ट्र रक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

विद्यार्थियों के लिए एक विशेष एवं गौरवपूर्ण अवसर उस समय आया, जब एयर वाइस मार्शल अमिताभ शेंडे एवं नम्रता शेंडे ने कैडेट्स से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। उनके प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। एयर वाइस मार्शल श्री शेंडे ने कैडेट्स से कहा कि



अनुशासन, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि भारतीय सशस्त्र बल केवल एक पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का सर्वोच्च माध्यम हैं। श्रीमती नम्रता शेंडे ने विद्यार्थियों के आत्मबल, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में विकसित सकारात्मक सोच, आत्मसंयम और अनुशासन ही भविष्य में एक सशक्त एवं जिम्मेदार व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उनके स्नेहपूर्ण एवं प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ। विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष एयर फोर्स स्टेशन, ईस्टर्न एयर कमांड, कमांड लाइब्रेरी, ईस्टर्न कमांड म्यूजियम, ईस्टर्न कमांड विजय स्मारक , कमांड गार्डन, कमांड वॉर मेमोरियल तथा मंगल पांडे सेल की प्रतिकृति जैसे ऐतिहासिक एवं सैन्य महत्व के स्थलों का भ्रमण किया।

इस यात्रा में विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी, प्रधानाचार्या जी. आर. मधुलिका, एडमिन ऑफिसर लेफ्टिनेंट उदय शर्मा, रजनी सिंह तथा एडमिन स्टाफ देवेन्द्र शास्त्री उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का आयोजन**

# कवियों ने बसंत ऋतु, युवा शक्ति, श्रृंगार, पलायन की विभीषिका एवं हास्य पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वनमाली सृजन पीठ पर एक दिवसीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल के छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी के कवि बालमुकुंद श्रीवास, शरद यादव, सोमप्रभा नूर, कुमार पांडे एवं डॉ.प्रेमलता यदु ने बसंत ऋतु, युवा शक्ति, श्रृंगार, पलायन की विभीषिका एवं हास्य रंग पर अपनी प्रेरणादायक रचनाएं प्रस्तुत की।

- **सीवीआरयू सृजन पीठ में काव्य गोष्ठी**

इस अवसर पर सभी ने वनमाली के कृतित्व और व्यक्तित्व पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. पीके घोष ने कहा कि साहित्य सिर्फ समाज का दर्पण ही नहीं वरन समाज को नई दिशा देने वाला पथ प्रदर्शक होता है । कवि अपनी कविता से समाज में व्याप्त विसंगतियों को उजागर कर, उसके समाधान का प्रयास भी करता है। इसलिए कवियों और साहित्यकारों का समाज में महत्वपूर्ण स्थान होता है। कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि आज की यह काव्य गोष्ठी युवा कवियों को समर्पित है । भविष्य में वनमाली सृजन पीठ द्वारा एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कुल सचिव ने ऐसे सतत आयोजन की बात कही की इसमें हिंदी के साथ छत्तीसगढ़ी में भी लिखने वाले कवियों को भी पीठ प्रोत्साहित करेगा।


संगोष्ठी में शामिल सीवीआरयू के कुलपति, कुलसचिव सहित अन्य साहित्यकार एवं विद्यार्थी।

### इन्होंने दर्शकों का किया मनोरंजन

इस काव्य गोष्ठी में कवि बालमुकुंद श्रीवास नए वर्ष में कुछ तो नया हो, बचपन के गांव, शरद यादव व सोमप्रभा नूर ने मीरा पर कुमार पांडे ने बसंत,,नज़्म, नीम, ग़ज़लें रचना पढ़ी। इसी तरह डॉ.प्रेमलता यदु ने व्यथा विषय पर कविताएं पढ़ी। सभी रचनाकारों ने बसंत ऋतु, युवा शक्ति, श्रृंगार, पलायन की विभीषिका एवं हास्य रंग पर अपनी प्रेरणादायक रचनाएं प्रस्तुत की। काव्य गोष्ठी का संचालन श्री शरद यादव ने किया। डॉ. आँचल श्रीवास्तव बताया कि वनमाली सृजनपीठ स्व.जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली' की विश्वविद्यालय में स्थापित सृजनपीठ की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय में स्थापित केंद्र युवा एवं निवेदित साहित्यकारों का साहित्य की विभिन्न विधाओं में प्रोत्साहन करते हेतु साहित्यिक आयोजन कर मंच प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष, प्राध्यापक कर्मचारी, साहित्य प्रेमी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ .शाहिद हुसैन ने किया।

## खबर संक्षेप

### ठाकुर समाज ने किया महाराणा प्रताप का नमन



**तखतपुर।** महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर महाराणा प्रताप चौक स्थित प्रतिमा पर ठाकुर समाज की ओर से पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। युवाओं ने सबसे पहले महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर प्रतिमा की साफ़-सफाई उपरांत पूजा-अर्चना कर वीर योद्धा को नमन किया गया। इस अवसर पर चिंटू सिंह ठाकुर, ईशान ठाकुर, अमन ठाकुर, राकेश ठाकुर, दीपक ठाकुर, वीरु ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धापूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि

**लोरमी।** ग्राम सुकली में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि शौर्य दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। ग्रामीण अध्यक्ष श्रवण सिंह राजपूत ने युवा पीढ़ी से महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने व कुरीतियों से दूर रहकर बेहतर शिक्षा प्राप्त करने और राष्ट्रीय सेवा में जुड़ने का आह्वान किया। सभी ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को जीवन में अपने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और समाज हित में कार्य करने के संकल्प के साथ महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर मोहन सिंह, संतोष सिंह, रामनिवास सिंह, नोहर सिंह, मनीष सिंह महावीर सिंह, देवप्रकाश सिंह, हिमालय सिंह, योगेश सिंह, रामनिवास फौजी, कान्हा सिंह, सूरज सिंह, उमाशंकर सिंह, रमन सिंह, पार्थ सिंह, पृथ्वी सिंह, भीमबली सिंह सहित मौजूद रहे।



### छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी



**मुंगेली।** छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों तथा आवश्यक विधिक जानकारी देने के उद्देश्य से शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मुंगेली में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश ने छात्रावास में छात्राओं को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण तथ्यों व मूल अधिकार, मूल कर्तव्य के बारे में बताया। साथ ही गुडटच-बैडटच, पॉक्सो एक्ट, भारत का संविधान, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2005 की एवं मोबाईल के माध्यम से होने वाले अपराध व ऑनलाईन फ्राड की जानकारी व उसके बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में उन्होंने दैनिक जीवन में पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी बताया गया। साथ ही छात्राओं को अपनी भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस पर लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती निकिता शर्मा, पीएलवी उमेंद साहू सहित छात्रावास के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## लाखों की लागत से तैयार कला केंद्र का भवन खंडहर में तब्दील

# सालों से धूल फांक रहे हैं वाद्य यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शासन द्वारा कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के नाम पर लाखों रुपये खर्च करना निरर्थक साबित हो रहा है। देख-रेख के अभाव में शानदार भवन खंडहर में तब्दील होने लगा है। जिले के कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित कला केंद्र तीन साल पहले करोड़ों की लागत से तैयार किया गया। केंद्र आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, वाद्ययंत्र भी कुछ खराब हो रहे हैं तो कुछ धूल खा रहे हैं।

- स्थानीय कलाकारों को नहीं मिल रहा लाभ

सरकारी पैसे का किस तरह दुरुपयोग होता है, इसकी बानगी नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में देखा जा सकता है। यहां कलाकारों को मंच देने के नाम पर लगभग 83 लाख 65 हजार रुपये से अधिक की लागत से एक भव्य कला केंद्र तैयार किया गया था। विडंबना देखिए कि करोड़ों की लागत से बना यह भवन पिछले तीन सालों से धूल फांक रहा है और अब कबाड़ में तब्दील होने लगा है। इस कला केंद्र के निर्माण और सज्जा में पानी की तरह पैसा बहाया गया, लेकिन धरातल पर इसका लाभ स्थानीय कलाकारों को नहीं मिल पा रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि इसकी साज-सज्जा और बिजली व्यवस्था पर ही आधे से ज्यादा बजट खर्च कर दिया गया, जिसका लाभ आज तक किसी कलाकार को नहीं मिला।




### विद्युतीकरण की लागत

एक सामान्य भवन के विद्युतीकरण के लिए 33 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की गई। क्या विभाग इसकी तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक कर सकता है कि इतने पैसों का इस्तेमाल कहाँ हुआ, जबकि अब वहां सब कबाड़ हो रहा है?

### रखरखाव की जिम्मेदारी

निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसे किस विभाग को हैंड ओवर किया गया था? 3 साल में यह भवन कबाड़ की स्थिति में कैसे पहुंच गया, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी कौन है?

### कलाकारों को नहीं मिला लाभ

नगर के स्थानीय कलाकारों को इस केंद्र से आज तक एक भी लाभ नहीं मिला। क्या प्रशासन के पास इसे संचालित करने की कोई योजना थी या यह सिर्फ बजट खपाने के लिए बनाया गया था?

### खर्च का कच्चा चिट्ठा

भवन निर्माण: 20 लाख रुपए (जिला मिशन समन्वयक)।
विद्युतीकरण: रिकॉर्ड 33 लाख रुपए (कार्यपालन अभियंता, यांत्रिकी)।
साज-सज्जा: 12 लाख रुपए (जिला मिशन समन्वयक)। बैठक व्यवस्था व अतिरिक्त निर्माण: लगभग 13.5 लाख रुपए (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा)।

### उपयोग लायक नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के बाद से ही इस भवन का सार्थक उपयोग नहीं हुआ। रखरखाव के अभाव में 33 लाख की लागत से लगी बिजली फिटिंग खराब हो रही है, खिड़की-दरवाजे जवाब देने लगे हैं और कीमती साज-सज्जा व वाद्ययंत्र धूल की परतों के नीचे दब गई है। तीन साल पहले जिस उद्देश्य के साथ इसे बनाया गया था, वह पूरी तरह विफल साबित हो रहा है।

### जिम्मेदार कौन

सवाल यह उठता है कि जब इस भवन का उपयोग ही नहीं करना था, तो जनता की गाढ़ी कमाई के 84 लाख रुपये क्यों बर्बाद किए गए? अलग-अलग निर्माण एजेंसियों ने अपना काम कागजों पर पूरा कर पल्ला झाड़ लिया, लेकिन जिला प्रशासन ने इसकी सुध लेना उचित नहीं समझा। एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह भवन अब सफेद हाथी साबित हो रहा है।

## नपा मुंगेली में प्रेसीडेंट इन काउंसिल का गठन, पार्षदों को मिले विभाग




**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद में भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों को मिला जुलाकर प्रेसीडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 एवं 71 तथा प्रेसिडेंट इन काउंसिल के कामकाज का संचालन, प्राधिकारी की शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 1998 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला के प्रसाद पर्यन्त आगामी आदेश तक परिषद के निर्वाचित पार्षदों को विभिन्न विभागों के संचालन हेतु नियुक्त किया गया है।

अलग-अलग विभागों के लिए सभापति एवं सदस्य नामित किए गए हैं। विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का दायित्व जयप्रकाश मिश्रा को सौंपा गया है। इस विभाग में सदस्य के रूप में असलम खान, जितेन्द्र कुमार दावड़ा, विजय बंजारा, निमेश देवांगन एवं आयशा मकबूल खान को शामिल किया गया है। राजस्व तथा बाजार विभाग के सभापति रोशन सोनी बनाए गए हैं। विभागीय सदस्यों में छोटी सत्येन्द्र सिंह परिहार, विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला, अर्चना सत्तू देवांगन, संगीता अन्नू साहू एवं मोहन मल्लाह शामिल हैं। आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी आयशा मकबूल खान को दी गई है। इस विभाग में अरविंद वैष्णव, असलम खान, विनय चोपड़ा, प्रतिमा रवि कोशले एवं अजय साहू सदस्य होंगे। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग तथा विद्युत विभाग के सभापति सूरज यादव नियुक्त किए गए हैं। सदस्य के रूप में संजय चंदेल, कुलदीप पाटले, रामकिशोर देवांगन, दिलीप सोनी एवं गौरी श्रवण सोनकर को शामिल किया गया है। जल कार्य विभाग की कमान छोटी सत्येन्द्र सिंह परिहार को सौंपी गई है। विभागीय सदस्यों में अर्चना सत्तू देवांगन, श्रीमती विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला, संगीता अन्नू साहू, मोहन मल्लाह एवं निमेश देवांगन शामिल हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास एवं नियोजन विभाग के सभापति कुलदीप पाटले बनाए गए हैं। इस विभाग में विनय चोपड़ा, सूरज यादव, रोशन सोनी, प्रतिमा रवि कोशले एवं अजय साहू सदस्य होंगे। वहीं शिक्षा विभाग तथा बाल कल्याण विभाग की जिम्मेदारी गौरी श्रवण सोनकर को दी गई है। इस विभाग में सदस्य के रूप में आयशा मकबूल खान, छोटी सत्येन्द्र सिंह परिहार, अर्चना सत्तू देवांगन, विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला एवं संगीता अन्नू साहू को शामिल किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने विश्वास जताया है कि प्रेसीडेंट इन काउंसिल के गठन से नगर विकास, नागरिको के सुविधाओं एवं पारदर्शी प्रशासन को मजबूती मिलेगी और सभी विभाग मिलकर मुंगेली के समग्र विकास की दिशा में कार्य करेंगे।

## महामाया देवी मंदिर में ज्योतिकलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

गुप्त नवरात्रि पर महामाया देवी मंदिर में ज्योतिकलश प्रज्जवलित की गई। गुप्त नवरात्रि पर नगर स्थित महामाया देवी मंदिर में मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ ज्योतिकलश प्रज्वलित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच महामाया से नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य और उन्नति की कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा।

ज्योतिकलश प्रज्वलन के पश्चात विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती किया गया। रात्रि में माता का विशेष श्रृंगार किया गया और पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार होगा। रात्रि में श्रृंगार के बाद भक्त माता का दर्शन करने के लिए मंदिर पहुँचते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। अष्टमी को हवन पूजन के साथ कन्या पूजन किया जाएगा। ज्योति कलश प्रज्वलित करने के अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, आचार्य पंडित रम्मी पाठक, पुजारी मुन्ना गोस्वामी, राजेन्द्र गोस्वामी, आयुष कारड़ा, तिलक ताम्रकार, सूरज ठाकुर, राजू अग्रवाल, योगेश सिंह, अजय ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।



## सामाजिक आयोजनों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का लिया निर्णय

**सरगांव।** नगर पंचायत में साहू समाज के द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वर वधु के दो जोड़ का विवाह हुआ।

- सरगांव में साहू समाज ने किया सामूहिक विवाह का आयोजन

तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गोविंद साहू ने कहा कि साहू समाज द्वारा जो आदर्श विवाह की परंपरा प्रारंभ की गई है वह एक प्रेरणादायक और समाज के लिए लाभकारी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष गोविन्द साहू, अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष खेलावन साहू , विशिष्ट अतिथि राजनीति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भेखचंद साहू, अभिमन्यु साहू जिला पंचायत सीईओ जांजगीर चांपा, महेन्द्र साहू तहसील अध्यक्ष जरहागांव,सचिव शंकर साहू, कोषाध्यक्ष ख़ोरबहरा साहू, तहसील उपाध्यक्ष इंदिरा साहू, जयराम साहू तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष तुलसी साहू, तहसील ,कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष साहू संघ सुखदेव साहू महेंद्र साहू पत्रकार, डॉ.लेखराम साहू सचिव, पार्षद राकेश साहू, कृष्णा साहू, उदित साहू, दबेश साहू राहुल साहू मुरीत साहू, दादूराम साहू, नगर के सभी जोनअध्यक्ष, एवं सभी सामाजिकबंधु, मातृ शक्ति, युवा शक्तिउपस्थित रहछत्तीसगढ़ साहू समाज ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा और अहम फैसला लिया है।



**प्री-वेडिंग शूट पर पूर्ण प्रतिबंध:** वर्तमान सामाजिक स्थिति तथा हालात के गंभीरता को ध्यान रखते पूर्व वेंडिंग सूट पर पूर्ण प्रतिबंध किया है। इसके साथ ही शादियों और अन्य सामाजिक आयोजनों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का भी ऐलान किया गया है। यह निर्णय प्रदेश साहू संघ की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

## बरदुली पंचायत में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**मुंगेली।** एकीकृत पुनर्वास केंद्र (नशामुक्ति) द्वारा ग्राम पंचायत बरदुली में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस (रजत जयंती) के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, पंथी नृत्य एवं सुगा नृत्य जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 वरिष्ठ नागरिकों एवं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नशामुक्ति केन्द्र के अधीक्षक शत्रुहन साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बिटकुली स्कूल में छात्राओं को सायकल वितरित

**बिल्हा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुली में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत वर्तमान सत्र की पात्र विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष डॉ राम कुमार कौशिक थे।

श्री कौशिक ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण अंचल की बालिकाओं के द्वारा शिक्षा में नवीन उपलब्धियां प्राप्त करने का माध्यम बनी हुई है। इस योजना से बालिकाओं को विद्यालय आने जाने में सुविधा से उपस्थिति निरंतर बनी हुई है। इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन करते हुए प्रभारी भारती चंद्रवंशी ने बताया कि विद्यालय के 95 बालिकाओं को इस वर्ष निशुल्क सायकल वितरण किया जा रहा है । विद्यालय के लिए नवीन हायर सेकंडरी भवन हेतु मांग रखी गई जिस पर जनपद अध्यक्ष द्वारा आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर शाला विकास एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शुभम कौशिक, उमाशंकर कश्यप, गौरी शंकर निर्मलकर, पूनाराम यादव, रामखिललावन नवरंग, प्रमिला प्रेम मधुकर, साधराम नेताम, जगन्नाथ कौशिक, सोसायटी अध्यक्ष गणेश निर्मलकर और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



## स्वास्थ्यकर्मियों ने घेरा सीएमएचओ कार्यालय



हड़ताली कर्मियों से चर्चा करते अधिकारी

**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य कर्मी के निलंबन के मामले को लेकर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ कार्यालय का घेराव किया। कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन स्थल पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी दल बल के साथ उपस्थित रहे। संघ का कहना है कि बिना किसी पूर्व जांच और एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्यकर्मी डोम प्रकाश कश्यप को निलंबित किया गया है। संघ के अनुसार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल संचालन की सामूहिक जिम्मेदारी होने के बावजूद केवल एक कर्मचारी को व्यक्तिगत रंजिश के तहत निशाना बनाया गया है। वहीं इस मामले पर सीएमएचओ डॉ. शीला शाहा ने सफाई देते हुए कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान एचआरपी महिला, डिलीवरी तथा जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में स्वास्थ्य कर्मी से रिपोर्ट मांगी गई थी। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और समीक्षा बैठक बीच में छोड़कर चले जाने के कारण नियमानुसार निलंबन की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ से 7 दिनों के भीतर निलंबन आदेश को निरस्त करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में मांग पूरी नहीं की गई, तो बिलासपुर संभाग स्तर पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें संभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे।



## खबर संक्षेप

### किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगी राहतः धर्मजीत

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ अधोसरंचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधी अंतर्गत स्ट्रीट लाईट के लिए 1 करोड़ रूपए की स्वीकृति हेतू राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने स्ट्रीट लाईट कार्यो में बेलपान के लिए 10 लाख, अमने देवतरा 10 लाख, घोंघाडीह 10 लाख, सागर 10 लाख, खजुरी 10 लाख, खरकेना 10 लाख, लिम्हा 10 लाख, पोंगरिहा 10, जरेली 10 लाख, मरहीकापा 10 लाख इन सभी गांवों में दो दो यूनिट की स्थापना की जाएगी इसमें प्रति यूनिट लागत 5 लाख रूपए की दर से 10 _ 10 लाख रूपए स्वीकृत करने की मांग और अनुशंसा की है। लोहराघाट व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार एवं शेष नहर लाईनिंग कार्य के प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग की ओर से 4 करोड़ 23 लाख रूपए की दी है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को सिंचाई के लिए इसकी मरम्मत और लाईनिंग विस्तार की मांग लम्बे समय से की जा रही थी किसानों का कहना था कि फसल और उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है इस लिए व्यपवर्तन योजना के तहत जीर्णोद्धार का कार्य हो जाने से किसानों को सिंचाई के लिए राहत मिलेगी।

### खेत में मिट्टी फेंकने की बात पर मारपीट

**तखतपुर।** खेत में मिट्टी फेंकने की बात को लेकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार खैरी निवासी बुधराम सिंगरौल 18 जनवरी की सुबह 10 बजे अपने खेत गया था तभी देखा कि पुरूषोत्तम साहू और नरोत्तम साहू उसके खेत में मिट्टी फेंक रहे थे और जब मिट्टी फेंकने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## निधन

### राकेश शुक्ला



**कोरबा।** सीएसईबी कोरबा पूर्व कालोनी निवासी सीएसईबी कर्मी राकेश शुक्ला का 61 वर्ष की आयु में 18 जनवरी की रात रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। वे बिलासपुर निवासी विनीत व पुनीत शुक्ला के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदारों के साथ बड़ी सख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### धर्मीबाई जसूजा



**बिलासपुर।** धर्मीबाई जसूजा का रायपुर में स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी को चकरभाठा स्थित सिंधी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सतगुरु साईं लालदास की माता ब्रह्मलीन गुरमुखदास की धर्मपत्नी थीं।

### नरेश आहूजा



**बिलासपुर।** पूर्व राजकिशोर नगर निवासी वर्तमान में धान मंडी रोड, टाइगर बंगला तोरवा के पीछे रहने वाले नरेश आहूजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जनवरी को तोरवा मुक्ति धाम में किया गया। वे स्वः श्यामलाल आहूजा के पुत्र एवं हरीश आहूजा के भाई थे।

### रामगोपाल पांडेय



**बोदरी।** नगर पालिका के प्रतिष्ठित मालगुजार सेवानिवृत शिक्षक रामगोपाल पांडेय का 19 जनवरी को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार गृहग्राम भाटापारा वार्ड क्रमांक 9 बोदरी में किया गया। वे कमल किशोर पांडे पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुशल पांडे के पिता थे।

### नागपुर रेल राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच होगा काम

# तुमसर यार्ड को तीसरी लाइन से जोड़ने ट्रेन परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव से कलमना रेल खंड के बीच तीसरी लाइन को तुमसर रोड से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके कारण बिलासपुर से मुम्बई के बीच चलने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन 24 से 31 जनवरी तक प्रभावित रहेगा।

रेलवे के अनुसार अधोसंरचना विकास के लिए एसईसीआर में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत परिचालन को और सुचारू तथा नई गाड़ियों के मार्ग प्रशस्त करने नई लाइन का निर्माण कार्य भी है, जिससे आधारभूत संरचना में विकास के साथ नई यात्री सुविधाओं में वृद्धि के अलावा यात्री ट्रेनों कें समयबद्धता में वृद्धि होगी। 24 से 31 जनवरी तक 58817 तुमसर रोड-तिरोड़ पैसेंजर, 58816 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर, 58815 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-तिरोड़ पैसेंजर, 58818 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर, 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-तिरोड़ मेमू, 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू, 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू, 28 से 31 जनवरी तक 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी



मेमू, 68744 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू, 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू और 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू रद्द की जाएगी। इसके अलावा 29 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से चलने वाली 18240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस को इतवारी एवं तुमसार रोड के बीच 30 मिनट तक, 31 जनवरी को अहमदाबाद से चलने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस को इतवारी स्टेशन एवं गोंदिया के बीच 40 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा।

### रायगढ़-बिलासपुर के बीच ट्रेनें रद्द 22 से 25 तक

इसी तरह रेल मंडल बिलासपुर के जांजगीर नैला व चांपा सेक्शन के बीच स्थित समपार खोखसा फाटक में गर्डर डी लांचिंग का कार्य ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसकी वजह से 23 एवं 25 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 22 एवं 24 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 23 एवं 25 जनवरी को कोरबा से चलने वाली 68731 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 68732 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। इसके अलावा 23 एवं 25 जनवरी को गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त कर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच और झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ कर झारसुगुड़ा-बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।



## त्रियुगी नारायण बोलकहा मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ

**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर के संरक्षक डॉक्टर आरसी अग्रवाल के नेतृत्व में चालीस सदस्यीय टीम ने मनियारी नदी के तट पर स्थित बोलकहा मंदिर श्री त्रियुगी नारायण मंदिर में मौनी अमावस्या पर भजन संध्या एवं हनुमान चालीसा के पाठ किया। आयोजन नवयुवक एवं महिला समिति सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। भजन गायक शैलेंद्र शर्मा, विमला शर्मा, सुखी देवांगन व राजकुमार मानिकपुरी ने अपने मधुर गायन से तीन घंटे तक समा बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत में सुरेश, नरेश, कैलाश मंगल के द्वारा जय श्री राधे नाम का पीतांबर दुपट्टा से स्वागत किया गया। साथ ही पूरा मंगल परिवार शुरू से अंत तक सेवा भाव से एवं संदीप नौबतका की सफल व्यवस्था ने इस आयोजन को और भी ज्यादा भव्य बना दिया। इस मौके पर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, हरीश गुप्ते, राहुल शर्मा, कन्हैया नौबतका, श्रवण गुप्ता, राजेश नागलिया, बसंत शर्मा, पूरन सोनी, मोनू नौबतका, यशवंत कुशवाहा, प्रथम गुप्ते, जितेश देवांगन, यश शर्मा, वरुण गोस्वामी, आयुष गुप्ता, शिवम नौबतका, आयुष वर्मा, शिवांश वर्मा आदि मौजूद रहे।



## गौ विज्ञान परीक्षा में 59 विद्यार्थी हुए शामिल

**जरहागांव।** भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्य को संजोने वाले गौ विज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसमा में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस परीक्षा में 59 विद्यार्थियों ने सहभागिता कर गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक महत्व को समझते हुए सवाल का जवाब उत्तर शीट में अंकित किए।

परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों ने गौ रक्षा संकल्प लिया और संकल्प मंत्र का सामूहिक उच्चारण कर गौ संवेदना की अलख जगाई। परीक्षा के माध्यम से बच्चों में जैविक खेती, पंचगव्य चिकित्सा, तथा पर्यावरण संतुलन में गौवंश की भूमिका पर जागरूकता विकसित हुई। विद्यालय स्टाफ ने बच्चों के उत्साह को सराहा और कहा कि यह पहल बच्चों को जड़ों से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। आयोजन के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। परीक्षा का सफल संचालन रामकुमार साहू तकनीकी सहायक और अनिता साहू सहयोगी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रमुख रूप से शिक्षक गण राजेश्वरी पात्रे प्रधान पाठक, खीरेंद्र साहू संकुल समन्वयक, मनोज कश्यप, सुशील यादव, ख़ुमेश्वर सोनवानी शामिल रहे।

## जीपीएम जिले के 221 केंद्रों में हुई गौ विज्ञान परीक्षा



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति, रायपुर के तत्वावधान में आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन जीपीएम जिला के 221 केंद्रों में हुआ। यह परीक्षा जिले के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिले में इस परीक्षा हेतु कुल 4140 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया था। प्रथम चरण की परीक्षा 19 जनवरी को 221 केंद्रों पर संपन्न हुई। प्रथम चरण में चयनित विद्यार्थी फरवरी माह में जिला मुख्यालय केंद्रों पर होने वाली द्वितीय चरण की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जबकि तृतीय एवं अंतिम चरण की परीक्षा अप्रैल माह में रायपुर में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग, जिला जीपीएम के जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास, गौ विज्ञान परीक्षा जिला संयोजक प्रमोद शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी के मार्गदर्शन में गठित टीम जिला संयोजक संजय राजपूत, गौरेला विकासखंड नोडल अधिकारी भीष्म प्रसाद त्रिपाठी, पेंड्रा विकासखंड नोडल अधिकारी जगदीश सिंह राठौड़, मरवाही विकासखंड नोडल अधिकारी दिलीप कुमार राय, साथ ही सभी 221 केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## कबाड़ी के ठिकाने पर पुलिस का छापा: तीन गाड़ी जब्त, गोदाम सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कबाड़ का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि प्रातःकाल स्थित तो कबाड़ियों को ठिकाने पर पुलिस ने छापेमारी के कार्रवाई की। जहां बड़े पैमाने पर अवैध कबाड़ से भरी हुई गाड़ी को जप्त कर गोदाम को सील करने की कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि कबाड़ का अवैध कारोबार जिले में एक बार फिर से जमकर फलने फुलने लगा है बताया जाता है कि लगातार बढ़ती चोरी पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ने राताखार स्थित मुकेश कबाड़ी व राजेश कबाड़ी के ठिकाने पर छापेमारी की कार्रवाई की है जहां कबाड़ से भरे हुए दो गाड़ियों को पुलिस ने जप्त किया है। संभवतः जब्त कबाड़ी जिसमें एसईसीएल का माल बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है वहीं दूसरी ओर मामले में प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मुकेश कबाड़ी के गोदाम को सील किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है और जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा कि यह कबाड़ कहां-कहां से चोरी किया गया है लंबे समय बाद एक बार फिर से पुलिस कबाड़ियों के खिलाफ एक्शन मोड में आ रही है।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का शपथ ग्रहण व सम्मान



**पेंड्रा।** जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के तीनों विकासखंडों के ब्लॉक अध्यक्षों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही सेवा दल कांग्रेस, महिला मजदूर कांग्रेस तथा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में दया वाकरे (ब्लॉक अध्यक्ष, मरवाही), प्रशांत श्रीवास (ब्लॉक अध्यक्ष, पेंड्रा) और बलबीर सिंह करसायल (ब्लॉक अध्यक्ष, गौरेला) को पद की शपथ दिलाई गई। साथ ही राजेंद्र ताम्रकार (सेवा दल कांग्रेस जिला अध्यक्ष), रेखा तिवारी (महिला मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष) तथा ऐवनपाल सिंह पेकरा (जिला अध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन) का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम मरवाही विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश संयुक्त महामंत्री मनोज गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नगरपालिका पेंड्रा अध्यक्ष राकेश जालान, जिला पंचायत सदस्य बूंदकुंवर मासको, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष विद्या राठौर, वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, शंकर पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिद्ध मुनिबाबा मेले में भक्तों का लगा तांता



**लोरमी।** सिद्ध मुनिबाबा मेला में भक्तों का तांता लग रहा है। पिछले कई वर्षों से श्री सिद्ध मुनिबाबा सेमरसल प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन होता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर में स्थित विभिन्न देवी देवताओं के दर्शन के लिए लग जाते हैं। ग्रामवासी सेमरसल, बटहा, तेलियापुरान, कुम्हरौली, भट्ठली, झझपुरी, मसनी मसना, खेकतरा, कौहाबंधा, सेमरचुवा, मोहतरा, देवरहट जैसे पचासों गांवों के लोगों को इस मेला का इंतजार रहता है।

खासकर इन गांवों से दूसरे गांवों में जाने वाली बेटियां इस मेले के माध्यम से अपनों से मिलने का सुंदर संयोग समझते हैं। मंदिर के पुजारी बालमुकुंद वैष्णव ने बताया कि मेला के पहले दिन अधिकतर श्रद्धालु सत्यनारायण की कथा करते हैं उसके माध्यम से कथा का शुभारंभ होता है। समिति के सदस्यों द्वारा मिला के लिए मैदान में स्थल निर्धारित किया जाता है। मंदिर का व्यवस्थितिकरण किया जाता है और साथ ही साथ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है। सेवक शाला में पढ़ाने वाले शिक्षक राजकुमार कश्यप ने बताया कि अनेक दृष्टि से इस मेला की महत्ता है। चाहे यहां आकर्षक झूले रात्रि गली सिनेमा बर्तन दुकान और अन्य मनोरंजन वस्तुएं दिखती है साथ ही साथ भजन और शानदार अल्पाहार हेतु होटल एस पारंपरिक लाइव उखरा तथा कपड़ों के दुकान आदि अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कारण मेले का आकर्षण बढ़ जाता है। वही किसानों के लिए अनेक औजार खेती की जाने के लिए उपलब्ध है हो जाते हैं। पार्किंग की अच्छी व्यवस्था है चौड़ी सड़क रहने के कारण से आवागमन बाधित भी नहीं होता।



## अमसेना में रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण प्रारंभ

**सकरी।** समीपस्थ ग्राम अमसेना महामाया मंदिर के पास सोमवार को पंचकुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण नवान्ह यज्ञ प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस पंचांग पूजन के बाद भव्य कलश यात्रा आयोजित की गई जो गांव के सभी धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर कथा स्थल पहुंची। जहां कथा वाचक दुर्गेश महाराज ने भक्तों ने कथा का रसपान कराया। उक्त कथा का समापन 29 जनवरी को पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगी। यहां यज्ञाचार्य पंडित सुरेश सतपथी के मार्गदर्शन में यज्ञ भी आयोजित हो रहा है। आयोजन में श्री दिव्य ज्योति सेवा समिति एवं अमसेना के ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### राजस्व मामले में नोटिस

**समक्ष न्यायालय अ.वि.अ. (रा.)**
**बिल्हा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
मामले का विषय अपील मामला
क्रमांक 202507070100005/ 40/अ16/2025-26
मुकेश कुमार पाटले
**विरूद्ध**
छ.ग. शासन
**दावा**

श्रीमती कुमारी बाई पति फागूराम को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की तारीख 22.01.2026 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. बिल्हा तारीख 12 माह 01 सन 2026

मुहर

**राजस्व अधिकारी**
**बिल्हा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 16/01/2026
रा.प्र.क........./ब-121/2025-26
ग्राम-मंगला, प.ह.नं.-32

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.न.-32 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री मथुरा प्रसाद पटेल पिता स्व. धनीराम पटेल निवासी ग्राम मंगला, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं श्री मथुरा प्रसाद पटेल का जन्म दिनांक 10/07/1976 को मंगला में होने का लेख करते हुये जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 05/02/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 16/01/2026
रा.प्र.क.../ब-121/2025-26
ग्राम-दोमुहानी, प.ह.नं.-43

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम दोमुहानी, प.ह.नं.-43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री विक्की कुशवाहा पिता स्व. चंद्रपाल कुशवाहा निवासी ग्राम दोमुहानी, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने दादा कन्हई कुशवाहा का मृत्यु दिनांक 09/10/1995 को दोमुहानी में होने का लेख करते हुये मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 05/02/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### ईश्तहार

सर्व जन को सूचित किया जाता है कि मुझ पुष्पा मिश्रा पति हितेश कुमार मिश्रा निवासी वार्ड नं. 15, तारबाहर, मस्जिद के पास बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर संत कबीर दास नगर वार्ड नं. 19, सिरगिट्टी, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के खसरा नं. 647/5 रकबा 1384 वर्गफुट भूमि मेरे नाम पर दर्ज है। जिसे मैं विक्रय करने हेतु अयोध्या प्रसाद डहरिया पिता स्व. बाबूलाल डहरिया नि. संत कबिर दास नगर तिरगिट्टी, बिलासपुर, छ.ग. से पक्का सौदा तय कर ली हूं अतः उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो वे मेरे निवास के पते पर अथवा मेरे अधिवक्ता के समक्ष इश्तहार प्रकाशन दिनाँक से 10 दिवस के भीतर आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा समय समाप्ति पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी।

**आवेदिका**
**पुष्पा मिश्रा पति हितेश कुमार मिश्रा**
**पता वार्ड नं. 15, मस्जिद के पास, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9755906484**
**अधिवक्ता का पता**
**सरवन कुमार मिश्रा, अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 7828508422**

### नन्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

मा.क.अ-6/2025-26,
ग्राम सकरी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी प.ह.न. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजू कुमार महार पिता संतोष कुमार व अन्य निवासी ग्राम अकलतरी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी, प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 757/8 क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट / 92.92 वर्गमीटर कि भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवेदक राजू कुमार महार कि पत्नी एवं आवेदक क्र.02 से 04 की माता आयशा महार के नाम पर आवेदक राजू कुमार महार ने दिनांक 12.12.2017 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है। क्रय पश्चात् आवेदित भूमि श्रीमती आयशा महार के नाम पर नामांतरण पश्चात् राजस्व अभिलेखों में दर्ज होता चला आया है। यह कि दिनांक 19.06.2023 को खातेदार आयशा की मृत्यु हो गयी है। अतः उपरोक्त परिस्थिति में उक्त खसरा नं. 757/8 क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट / 92.92 वर्गमीटर से मृत खातेदार आयशा का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर उसके वैध उत्तराधिकारी होने के आधार पर आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 14.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं अपने पक्षकार श्रीमति गूंजन शर्मा पति श्री विकास शर्मा निवासी अभिषेक नगर फेस-1 मंगला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रामदास साहू पिता श्री लक्ष्मण दास साहू साकिन तरसीली पोस्ट कोठी तहसील कोतमा जिला अनुपपुर म.प्र. के आधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि (डायवर्सन शूदा) मौजा ग्राम लोखंडी महाल नं. 03 पटवारी हल्का नं. 54 रा.नि.मं. पेडारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 88/13 रकबा 1296 वर्गफूट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया हैं तथा बयाना राशि भी दिया जा चुका हैं जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना निश्चित हैं इस सौदे से संबंधित किसी भी व्यक्ति, बैक, सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर सम्पूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समय सीमा के पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक: 19.01.2026

**भवदीय**
**धनीराम श्रीवास (अधिवक्ता)**
**कार्यालय-मकान नं. 288 अभिषेक नगर फेस-1 मंगला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9770849193**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिट्टी तहसील- बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/ /सीमांकन/रा.नि./2024
दिनांक 08.12.2025

आवेदकः रघुनाथ प्रसाद निर्मलकर पि. रामलाल आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. सीमा सोनी पति परखर सोनी 2. विदेशी कौशिक पि. रामफल 3. वृन्दा कौशिक पि. ननकीराम कौशिक 4. सर्व संबंधित
विषयः सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भः- न्यायलय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. .../ तह./ना. तह./ वा.... /2024, बिलासपुर दिनांक .....

ग्राम परसदा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 203/5 रकबा 1.220 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका रघुनाथ पि./ प. रामलाल निवासी परसदा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ अति.तह./ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 21.01.2026 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।
टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक- सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 09.01.2026

प्रति, 1. ममता अग्रवाल पति पंकज अग्रवाल 2. मुकेश गिडवानी 3. सजनी मीरे 4. सरस्वती साहू अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
विषयः- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।
संदर्भः- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./ क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 09.01.2026

आवेदक ममता अग्रवाल निवासी वैशाली नगर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 70/10 रकबा 0.0160 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 23.01.26 को समय 11PM-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीपः 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय रा.नि.म. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. हरिशचंद्र कश्यप पिता तुंगनाथ कश्यप आवेदक 2. अजय सिंह ठाकुर 3. दीपक जैन 4. हरिशचन्द्र कश्यप 5. अभय अग्रवाल 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन/ बटांकन में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ ना. तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 22.12.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 472/20, 476/2 शामिल 477/6 रकबा 0.0160 हेक्टे., 0.0850 हेक्टे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी हरिशचंद्र पिता तुंगनाथ पिता/पति ...निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 21.01.2026 को लगभग 11.00 बजे से 05.00 बजे तक में किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जाने।
टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। 1. तहसीलदार/ अति.तह./ना.तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**
**तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 16/01/2026

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील बिलासपुर स्थित ख.नं. 641/22 रकबा 500 हेक्टेयर / एकड़ भूमि का छ.ग. राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक / आवेदिका श्याम किशोर अग्रवाल पिता/ पति राम नारायण निवासी लिंक रोड द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 10/02/2026 सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 16/1/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## महिला कल्याण समाज एसईसीएल ने दृष्टि बाधित विद्यालय में की सेवा



**बिलासपुर।** महिला कल्याण समाज एसईसीएल द्वारा ज्ञानदीप कन्या दृष्टि बाधित विद्यालय में सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर बच्चों को राशन सामग्री, फल, बिस्किट, तिल के लड्डू तथा दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन के मार्गदर्शन में हुआ। श्रीमती दुहन ने कहा कि दृष्टि बाधित बच्चे ईश्वर की अनुपम कृति हैं। इनमें विलक्षण प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। इन बच्चों की प्रतिभा को निकट से जानने और अनुभव करने का सौभाग्य महिला कल्याण समाज की सभी पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत-संगीत, स्वरचित कविताएं, वाद-विवाद की मनमोहक प्रस्तुति दीं, जो अत्यंत भावुक कर देने वाली और प्रेरणादायक रहीं। सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर गायत्री मंत्र का सामूहिक पाठ किया तथा शेफाली घोष ने बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में जागरूक किया। जिससे उनमें आत्म-सुरक्षा के प्रति समझ विकसित हो सके। यह संपूर्ण सेवा कार्य महिला कल्याण समाज की सचिव माधुरी तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर समाज की सक्रिय सदस्य रेहाना खान, कविता घोष, कृति गंगाजली, पुष्पलता पटेल, सरोज वस्त्रकार, सविता चौहान एवं सुनीता जायसवाल की सहभागिता रही।

आयोजन

## बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति कई रोचक खेल खेले



**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर नगोई में शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अर्निका शर्मा थीं। अध्यक्षता प्रतिभा शास्त्री ने की। विशिष्ट अतिथि प्रियंका पटेल थीं। दीप प्रज्जवलन एवं मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के बाद माताओं ने गीत, बिंदी सजाओ, संतुलन में चलना व कुर्सी दौड़ में भाग लिया। प्रदर्शनी में शिशु वाटिका के 16 आयाम एवं श्रीराम दरबार, शिवजी की झांकी प्रस्तुत की गई। अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती शास्त्री ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा, संस्कृति को प्रदर्शित करने, अभिभावकों को जोड़ने, बच्चों के सर्वांगीण विकास और संस्कारों को बढ़ावा देने का मंच है। जिसमें माताएं भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी प्रतिभा को उजागर करती है। अर्निका शर्मा ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास से संतुलित पोषण होता है। इसमें माता पिता और वातावरण की भूमिका अहम है। प्रियंका पटेल ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। यहां हर दिन नई चीज सीखने को मिलती है। प्राचार्य बसंत सिंह ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सभी आचार्य, दीदीजी सहित कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के अध्यापन करने वाले भईया, बहन और उनकी माताएं उपस्थित थीं।

स्पर्धा

## शहर के आयुष ने विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में बनाई जगह

**बिलासपुर।** शहर के आयुष सिंह राजपूत पिता विजय सिंह राजपूत का विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए चयन हुआ था। उन्होंने चार चरण पार कर विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में जगह बनाई है। प्रतियोगिता के चरण प्रश्नोत्तरी, निबंध, पीपीटी प्रेजेंटेशन और इंटरव्यू था। ये कार्यक्रम 9 से 12 जनवरी को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इनको 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने अपने विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत करने तथा उनसे मिलने का अवसर प्राप्त हो सका। इनका टॉपिक विकसित भारत के लिए लोकतंत्र एवं सरकार में युवा रहा। इस टॉफिक का उद्देश्य यह रहा कि कैसे हम 2047 तक युवाओं के माध्यम से अपने देश को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। आयुष की इस उपलब्धि पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने अपने दिल्ली स्थित आवास में आयुष सिंह राजपूत को बधाई देकर आगे बढ़ाने शुभकामनाएं दी। आयुष अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।



# भगवान राम ने दिव्य बाण से किया रावण का वध : संत कौशल

**भगवान राम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को मुक्त कराया था। यह युद्ध मुख्य रूप से रावण द्वारा सीता के हरण के बाद हुआ। जिसमें राम ने वानर सेना की सहायता से रावण को कई दिनों तक चले युद्ध के बाद विभीषण द्वारा बताए गए नाभी में छिपे अमृत के रहस्य को जानकर एक दिव्य बाण से उसका वध किया।**

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित रामकथा का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित संगीतमयी रामकथा के समापन अवसर पर संत प्रवर विजय कौशल महाराज ने कही। उन्होंने बताया कि रावण मारीच की सहायता से सीता का हरण कर लंका ले गया। भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान के साथ सीता को खोजने निकले और वानर सेना की मदद से लंका पर चढ़ाई की। लंका युद्ध में श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध हुआ। जिसमें रावण मायावी शक्तियों और अपने दस सिरों के कारण अजेय लग रहा था। रावण के दस सिरों को काटने के बाद भी वे पुनः आ जाते थे, क्योंकि उसके शरीर में अमृत था। युद्ध के दौरान, रावण के भाई विभीषण ने राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है, जिसे नष्ट किए बिना उसे मारना असंभव है। भगवान राम ने एक दिव्य बाण का प्रयोग रावण की नाभी पर किया। जिससे उसका अमृत सूख गया और रावण का अंत हो गया। यह वध दशमी को हुआ और इसी दिन को दशहरा के रूप में मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, महेश अग्रवाल, गुलशन ऋषि, गोपाल शर्मा, दीपराज उपाध्याय, पार्षद श्याम साहू, युगल शर्मा, नीता श्रीवास्तव, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, चंचल कुशवाहा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग एवं श्रद्धालु भक्तों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

### अयोध्या में था खुशी का माहौल

कथा व्यास ने बताया कि चौदह वर्ष के वनवास व लंका विजय के बाद जब श्रीराम, सीता और लक्ष्मण अयोध्या लौटे तो पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई। भरत जो नंदीग्राम में राम की खड़ाऊ रखकर राजकाज चला रहे थे, राम के स्वागत के लिए तैयार थे। उन्होंने तपस्वी वेश त्याग कर राम का स्वागत किया और राज्य उन्हें सौंपने की तैयारी की। कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ और मंत्रियों ने राम के राज्याभिषेक की पूरी योजना बनाई। नगर को सजाया गया और प्रजा को आमंत्रित किया गया। गुरु वशिष्ठ ने सूर्योदय के साथ राम के मस्तक पर राजमुकुट रखकर उनका राजतिलक किया। यह समारोह अत्यंत भव्य और आनंदमयी था।

### हुई राम राज्य की स्थापना

राम के सिंहासन संभालने के बाद अयोध्या में राम राज्य की स्थापना हुई। जहां धर्म, सत्य, न्याय और प्रजा का सुख सर्वोपरि था और हर कोई आनंदित था। यह कथा दर्शाती है कि कैसे धर्म और मर्यादा की स्थापना के लिए भगवान राम ने शासन संभाला और एक आदर्श राज्य का निर्माण किया, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है।

### नगर विधायक ने जताया आभार

कथा समापन के बाद नगर विधायक अमर अग्रवाल ने रामकथा आयोजन समिति के सदस्यों, समिति की महिला टीम एवं कथा श्रवण करने आए सभी श्रद्धालु भक्तों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कथा की ऐतिहासिक कलश यात्रा जिसमें 15 हजार महिलाएं एक ही कलर की ड्रेस में शामिल हुईं, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो सकता था पर हमने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह भक्तों की भगवान राम के चरणों के प्रति समर्पण भाव रहा। इसके लिए किसी की सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि संत प्रवर विजय कौशल महराज एवं एसएसपी रजनेश सिंह द्वारा शहर की जनता द्वारा अनुशासित होकर कथा का श्रवण करने की बात मुझसे कही तो काफी गर्व अनुभव हुआ। उन्होंने आगे भी इसी तरह संगठित होकर सहयोग करते रहने की अपेक्षा जताई।

### भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक

कथावाचक ने बताया कि वनवास के बाद जब भगवान राम अयोध्या लौटे, तो गुरु वशिष्ठ और प्रजा की सहमति से उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ। जिसमें वे अयोध्या के सिंहासन पर बैठे और राम राज्य' की स्थापना हुई, जो धर्म, न्याय और आदर्श शासन का प्रतीक रहा। जिसमें सभी प्रजा सुखी और समृद्ध थे।



### प्रसाद का वितरण

राम कथा के बाद होने वाले प्रसाद वितरण भी खास रहा। हर दिन अलग-अलग समाज के लोगों ने प्रसाद वितरण किया। इससे अत्यंत शांति से लोगों ने प्रसाद पाया। समापन पर सोमवार को पंजाबी महिला हिंदू महिला संस्था, रामकथा आयोजन समिति की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इसमें रजनी, नमिता ऋषि, रमा ऐरी, मानसी मलिक, किरण अरोरा, हर्षबाला सग्गर, कमला डोडी, विपुला भाटिया, अंजली सलूजा, सीमा व योगिता दुआ शामिल रहीं।



### मोहनभाठा पक्षी प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान

इन्होंने बताया कि जिले का मोहनभाठा भी ऐसी ही एक आवाज़ है सूखी, बंजर और उपेक्षित, लेकिन भीतर ही भीतर जीवन से भरी हुई। बारिश के मौसम में यह क्षेत्र कई दुर्लभ प्रजाति के प्रवासी पक्षियों के ठहराव का बड़ा केंद्र बन जाता है। सबसे संकटग्रस्त श्रेणी में शामिल इजिप्शन वल्चर का हर साल परिवार के साथ यहां दिखाई देना बताता है कि आसपास कहीं उनका रहवास मौजूद है। लेकिन यही समृद्धि आज खतरे में है। मोहनभाठा जो कभी पक्षी प्रेमियों के लिए स्वर्ग समान था अब अवैध भूमि अधिग्रहण, शिकारियों की बेख़ौफ़ आवाजाही, मुरूम के अवैध उत्खनन, पेड़ों की कटाई और असामाजिक तत्वों की पनाहगाह बनता जा रहा है।

## इंडियन कोर्सर की वापसी से पारिस्थितिकी तंत्र के जीवित होने का संकेत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सवा साल के लंबे इंतज़ार के बाद रविवार को एक बार फिर इंडियन कोर्सर दिखाई पड़ा, तेज़ चाल, सतर्क स्वभाव और खुले, शुष्क मैदानों से गहरे रिश्ते वाला यह दुर्लभ परिंदा 18 जनवरी की शाम जब मोहनभाठा में अपनी ज़मीन तलाशता दिखाई देता है, तो यह महज़ एक पक्षी का दिखना नहीं बल्कि एक पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के जीवित होने का संकेत होता है। तीन कौरसरों का मोहनभाठा में दिखना इस बात का प्रमाण है कि तमाम दबावों के बावजूद यह मैदान अब भी उन्हें बुला रहा है। मध्यम आकार का, पतले शरीर और लंबी टाँगों वाला इंडियन कोर्सर उड़ने से ज़्यादा दौड़कर चलता है।

इन ख़ास पक्षियों को लेकर सबसे चौकाने वाली बात करीब दो वर्ष पहले सामने आई। दो पक्षी प्रेमी और फोटोग्राफर संदीपन अधिकारी, राधाकिशन शर्मा ने इंडियन कोर्सर के अंडे की तस्वीरें दर्ज कीं। यह महज़ फ़ोटोग्राफ़ी नहीं थी यह ठोस प्रमाण था कि मोहनभाठा की बंजर भूमि उन्हें केवल भाती ही नहीं, बल्कि यहीं वे अपनी अगली पीढ़ी को भी बढ़ा रहे हैं। कुछ फ़ोटोग्राफ़रों के पास इनके चूजों की तस्वीरें होना इस विश्वास को और मज़बूत करता है कि यह मैदान एक सक्रिय प्रजनन स्थल है।

### मैदान दुर्लभ प्रजातियों का आधार

प्रशासनिक उदासीनता और जिम्मेदार विभागों की अनदेखी ने इस चारागाह को सिमटने की कगार पर ला खड़ा किया है। इंडियन कोर्सर की वापसी जितनी सुखद है, उतनी ही चेतावनी भी। यह बताती है कि अगर संरक्षण की ठोस पहल नहीं हुई, तो यह जीवन-रेखा टूट सकती है। घास भूमियाँ अक्सर "बंजर" कहकर नजरअंदाज कर दी जाती हैं, जबकि यही मैदान दुर्लभ प्रजातियों का आधार होते हैं। कौरसर जैसे संकेतक पक्षी हमें बताते हैं कि प्रकृति कहाँ तक सहन कर सकती है और कहाँ नहीं। मोहनभाठा को बचाना केवल एक मैदान को बचाना नहीं, बल्कि उस विरासत को संभालना है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का सबक बन सकती है।

## पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में माघ गुप्त नवरात्रि पर विशेष पूजन

### आज बगलामुखी का तारा देवी के रूप में होगा श्रृंगार



**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित सुभाष चौक के प्रतिष्ठित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में माघ गुप्त नवरात्रि पर्व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की साधना की जाती है।

गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन श्रृंगार तारा देवी के रूप में किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन प्रातःकालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, श्री सिद्धिविनायक का पूजन, श्रृंगार एवं श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, राजराजेश्वरी, त्रिपुरसुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा अभिषेक किया जाएगा। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि माता तारा का स्वरूप माता काली से काफी मिलता-जुलता है। वे नील वर्ण की हैं, बाघ की खाल के वस्त्र धारण करती हैं और उनके चारों हाथों में खड्ग, कैंची, कपाल और कमल का फूल होता है। वे भगवान शिव के 'अक्षोभ्य' रूप के ऊपर विराजमान हैं।

उन्होंने बताया कि बहुत समय पहले 'हयग्रीव' नाम के एक असुर ने वेदों को चुरा लिया था और ज्ञान का लोप होने लगा था। तब माता तारा ने नील वर्ण धारण कर उस असुर का वध किया और वेदों को पुनः सुरक्षित किया। इन्हें ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती है। वाक-सिद्धि और तीव्र बुद्धि प्राप्त करने इनकी साधना की जाती है। माना जाता है कि महाकवि कालिदास को इन्हीं की कृपा से पांडित्य प्राप्त हुआ था। माता तारा को धन और ऐश्वर्य देने वाली देवी माना गया है। कर्ज मुक्ति और दरिद्रता दूर करने इनकी पूजा अचूक है।

कार्नर न्यूज

डीपीएस में स्कॉलास्टिक बुक फेयर का आयोजन

## विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई रुचिकर विषयों से संबंधित पुस्तकें







**दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में स्कॉलरशिप ग्रुप के तत्वावधान में बुक फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं के**

**बिलासपुर।** प्रथम दिवस संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने पुस्तक मेले का उद्घाटन किया और अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को शारीरिक खुराक के साथ ही मानसिक खुराक के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने पुस्तक को एक अच्छा मित्र

**विद्यार्थियों को रुचिकर विषयों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध कराई गई है। विद्यार्थियों को अनेक प्रकार की पुस्तकों की खरीदी पर पुरस्कार भी मिल सकता है।**

बताते हुए पुस्तकों को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। सभी ने पुस्तक मेले की प्रशंसा करते हुए संस्था प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### एक्टिवा सवार महिला को बस ने मारी टक्कर



**बिलासपुर।** एक्टिवा से सब्जी खरीदने जा रही महिला को बस के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला घायल हो गई और एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, एकव्य कालोनी निवासी संजना टण्डन पति प्रकाश टण्डन 18 जनवरी को एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 एएक्स, 3789 में सब्जी खरीदने सकरी जा रही थी। कोटा मोड़ के पास बस क्रमांक सजी 28 जे, 5682 के चालक ने एक्टिवा को टककर मार दी। हादसे में श्रीमती टण्डन घायल हो गई और एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने श्रीमती टण्डन की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घर से 6 लाख से अधिक के सोने के जेवर पार

**बिलासपुर।** महिला के घर की आलमारी के लाकर से 6 लाख से अधिक के सोने की जेवर चोरी होने से हड़कंप मच गया है। मकान मालकिन ने नौकरानी पर चोरी करने का संदेह जाहिर किया है। पुलिस पतासाजी में जुट गई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर गणपति चौक निवासी सरस्वती यादव पति फिरतू राम यादव 4 जनवरी को फैमली पार्टी में अपने सोने जेवर पहनकर गई थी। शाम 6.30 बजे पार्टी से घर आने के बाद उन्होने सोने की 2 नग चूड़ी 3 तोला, मंगलसूत्र बड़ा 2 तोला व छोटा 4 ग्राम, सोने की 2 अंगूठी 13 ग्राम को निकालकर आलमारी के लाकर में रखकर चाबी उसी में छोड़ दी थी। 15 जनवरी को शाम 6 बजे श्रीमती यादव अपने आलमारी के लाकर को खोलकर देखी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सभी सोने के जेवर चोरी हो गई थी। उन्होंने घर में काम करने वाली नौकरानी से जेवर के संबंध में पूछताछ की, किन्तु उन्होंने चोरी करने से इनकार कर दिया है। श्रीमती यादव ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, मकान मालकिन श्रीमती यादव ने नौकरी पर कीमती जेवर चोरी करने की आशंका जताई है।

**डिजिटलाइज्ड जमीनों का अचानक डीएससी गायब** पटवारियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं जमीन मालिक

# टेक्निकल कारण बताकर डीएससी से हटाई जा रही जमीनें, हो रही परेशानी

**बिलासपुर।** लोक सेवा केंद्रों में अपनी जमीन का बी-वन निकलवाने पहुंचे लोगों को अचानक उनकी जमीन से डीएससी हटा दिए जाने की जानकारी मिल रही है। ऐसे में भूमि स्वामी अपनी जमीन का डीएससी करवाने पटवारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।

इस चक्कर से मुक्त करने के उद्देश्य से ही शासन द्वारा जमीनों का डिजिटलाईजेशन किया गया था, लेकिन टेक्निकल कारणों का बहाना बनाकर पटवारी नए हल्कों में जॉइन करते ही सबसे पहले डीएससी हटाने का ही काम कर रहे हैं। राजस्च से संबंधित छोटे-मोटे कार्यों के लिए भूमि स्वामियों को पटवारी का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए शासन ने जमीनों का डिजिटलाईजेशन कर दिया है। अब भूमि स्वामी अपने डिज़ीटल हस्ताक्षरित दस्तावेज ऑनलाईन प्राप्त कर सकेंगे। दिक्कत यह है कि जिन जमीनों का बरसों पहले डीएससी हो चुका है, अब उनका बी-वन निकलवाने वालों को लोक सेवा केद्र से डीएससी हटा दिए जाने की जानकारी मिल रही है। जमीनों का डीएससी ही नहीं होने से बी-वन की कॉपी तो निकल जाएगी, लेकिन उस कॉपी में संबंधित पटवारी के डिज़ीटल सिग्नेचर ही नहीं होने से उक्त दस्तावेज कहीं भी मान्य नहीं रहेगा। ऐसे में भूमि स्वामी को सबसे पहले अपना सारा काम छोड़कर पहले पटवारी से मिलकर अपनी जमीन का डीएससी कराना पड़ रहा है।



### क्या है डीएससी?

डीएससी, याने डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें सभी जमीनों को डिजीटल हस्ताक्षरित कर दिया गया है। डिजिटल हस्ताक्षरित होने के बाद बी-वन,खसरे की सत्यापित प्रति प्राप्त करने के लिए भूमि स्वामी को पटवारी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है। किसी भी लोक सेवा केंद्र में जाकर अपनी भूमि का स्थान, महल नंबर, खसरा नंबर बताकर बी-वन की न केवल प्रमाणित कॉपी प्राप्त की जा सकती है, बल्कि उसे आवश्यकतानुसार कहीं भी प्रस्तुत भी किया जा सकता है। इस दस्तावेज को शासन के निर्देशानुसार मान्य किया गया है।

### इन कार्यों के लिए मान्य है डिजिटलाइज कॉपी

डिजीटल सिग्नेचर वाले ऑनलाईन प्राप्त किए गए दस्तावेज कई कार्यों के लिए उपयोगी हैं। किसी भूमि की रजिस्ट्री करानी है तो रजिस्ट्री के लिए उक्त भूमि की ऑनलाईन डिज़ीटलाईज बी-वन की कॉपी लगाई जा सकेगी। इसी तरह जमीन के मुख्तियारनामा, नामांतरण, सीमांकन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन के साथ लगाई जाने वाली बी-वन की सत्यापित कॉपी एवं डायवर्सन के लिए प्रस्तुत आवेदन के साथ लगाई जाने वाली बी-वन की ऑनलाईन निकाली गई सत्यापित प्रति मान्य होती है।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

किसी भूमि के विवादित होने या भू-अर्जन बाद भी राजस्व रिकार्ड में पूरी जमीन उसी व्यक्ति के नाम पर ही प्रदर्शित होने की स्थिति में जमीन से डीएससी हटाया जा सकता है। इसके अलावा कोई भी अन्य कारण बताकर जमीन का डीएससी हटाना गलत है। शिकायत मिलने पर संबंधितों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**-मनीष साहू,** एसडीएम बिलासपुर

# बिना अनुमति संचालित ओयो होटल सील

**संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर नगर निगम ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र के देवनंदन नगर में बिना अनुमति अवैध रूप से संचालित ओयो होटल को नगर निगम सील कर दिया है। संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर नगर निगम ने यह कार्रवाई की है। इस दौरान होटल संचालक ने निगम कर्मियों से जमकर विवाद और हंगामा और धक्कामुक्की भी की।

- **धक्कामुक्की के साथ जमकर विवाद**

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सरकंडा क्षेत्र के देवनंदन नगर के लोगों ने शिकायत की थी कि रिहायशी क्षेत्र में ओयो होटल का संचालन किया जा रहा है। आए दिन संदिग्ध रूप से युवक-युवतियों का आना-जाना यहां रहता है। जिसके कारण मोहल्ले में माहौल बिगड़ रहा है। वहीं, महिलाएं और युवतियां यहां से गुजरने में असुरक्षित महसूस करती हैं। निगम की जांच में भी यह सामने आया कि बिल्डिंग रिहायशी क्षेत्र में बना है। मकान मालिक ने रिहायशी इस्तेमाल के लिए ही नक्शा बनवाया है लेकिन, इसमें होटल के तौर पर कमरों का निर्माण कराया गया है, जो व्यवसायिक है। भवन शाखा ने स्थल निरीक्षण किया तो पता चला कि होटल का संचालन अवैध है। शिकायत के बाद निगम ने सोमवार ओयो होटल को सील कर दिया है। इस होटल का संचालन अंकित सिंह कर रहा था। नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे का कहना है कि बिना अनुमति निर्माण और अवैध व्यवसाय पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी भवन मालिक को बख्शा नहीं जाएगा। मनमानी करने वालों के खिलाफ एफआईआर भी कराई जाएगी।



होटल को सील करते नगर निगम की टीम।

# घायल बेटे को लेकर थाने पहुंचा पिता, दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रामायण देखने गए युवक से दो युवकों ने शराब पीने के लिए 1000 रुपए मांगे। नहीं देने पर युवक मारपीट कर कमर के पीछे चाकू घोपकर भाग गए। सूचना पर पिता मौके पर पहुंचकर चाकू के साथ बेटे को लेकर थाने गए। पुलिस ने सक्रियता दिखते हुए रात में हमलावर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी शुभम साहू पिता संतोष साहू 18 जनवरी को मोहल्ले में रामायण देखने गए थे। रात 2 बजे रामायण खत्म होने पर वे घर के लिए निकल रहे थे। इसी दौरान लिंगियाडीह निवासी कोमल देवांगन उर्फ करन पिता हीरालाल देवांगन 24 साल, तुलेश्वर दिवाकर उर्फ गोलू पिता मूलचंद दिवाकर 22 साल ने उनसे शराब पीने के लिए 1000 रुपए की मांग की। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो दोनों युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए उनके साथ मारपीट कर कमर के पीछे चाकू घोप दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पड़ोसी राजेन्द्र साहू घायल युवक के घर जाकर उनके पिता संतोष साहू को घटना की सूचना दी। पिता संतोष साहू मौके पर गए तो उनके बेटे के कमर के पीछे चाकू घुसा हुआ था। वे उसी हालत में अपने बेटे को लेकर सरकण्डा थाना रिपोर्ट लिखाने गए। शुभम के कमर के पीछे चाकू घूसा देख थाने में हड़कंप मचगया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डाक्टर से चाकू बाहर निकलवाकर जब्त किया गया। टीआई प्रदीप आर्या ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्टाप के साथ रात में लिंगियाडीह में पतासाजी कर घेराबंदी करते हुए हमलावर कोमल देवांगन, तुलेश्वर दिवाकर को पकड़ लिया। पुलिस ने पिता संतोष साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 119, 1, 296, 115, 351, 2, 3, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मोबाइल नकद रकम की लूट, चार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** डिलिवरी ब्याय से मोबाइल, नकद रकम की लूट करने वाले दो नाबालिग सहित चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जोरापारा निवासी कुश कुमार खुसरों पिता संतोष खुसरो 26 साल ब्लिंकिट कंपनी में समान डिलवरी का काम करते हैं। 18 जनवरी को दोपहर 1.30 बजे अशोक विहार फेस 2 से सामान डिलिवरी कर कंपनी का स्टोर जा रहे थे। रास्ते में 4 लड़के बाइक को रूकवाए और जेब से 1000 रुपए एवं मोबाइल लूटकर भागने लगे। भागते समय एक युवक ने अपने साथी का नाम आकाश बोल रहा था। डिलिवरी ब्याय ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने पतासाजी कर चिंगराजपारा निवासी आकास केंवट पिता विजय केंवट 21 साल, दीपक पटेल पिता द्वारिका पटेल 20 साल व दो नाबालिग को पकड़ लिया।




